प्रेस नोट– जनपद मुजफ्फरनगर
दिनांक– 23.04.2025

- **थाना नई मण्डी पुलिस द्वारा दौराने पुलिस मुठभेड़ 01 शातिर गौकश अभियुक्त घायल/गिरफ्तार–**

  दिनांक 22.04.2025 को प्र0नि0 श्री दिनेश चन्द्र थाना नई मण्डी मय हमराहीगण द्वारा अभियुक्त मौ0 अजहर पुत्र समीम निवासी ग्राम ककरौली हाल पता निवासी ग्राम बझेडी थाना नई मण्डी, मुजफ्फरनगर को दौराने पुलिस मुठभेड़ बागोवाली के पास से घायल/गिरफ्तार किया गया। घायल/गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 तमंचा मय 01 जिन्दा व 01 खोखा कारतूस 315 बोर, लगभग दो से ढाई कुण्टल गौमांस व घटना में प्रयुक्त 01 होण्डा सिटी कार नम्बर डीएल 04 सीएबी 6555 बरामद किये गये। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना नई मण्डी पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 109 बीएनएस व 3/5ए/8 गौ हत्या निवारण अधिनियम व 3/25/27 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा 12 घण्टे के अन्दर लूट के अभियोग का सफल अनावरण, 01 शातिर लूटेरा अभियुक्त दौराने पुलिस मुठभेड़ घायल/गिरफ्तार–**

  दिनांक 22.04.2025 को सहायक पुलिस अधीक्षक/थाना प्रभारी कोतवाली नगर श्री राजेश गुनावत मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 130/2025 धारा 309(4) बीएनएस का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्त अंशुल पुत्र कुंवरपाल निवासी मौ0 महलतना थाना मंसूरपुर, मुजफ्फरनगर को दौराने पुलिस मुठभेड़ जंगल ग्राम सादपुर राजवाहे से घायल/गिरफ्तार किया गया। घायल/गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 तमंचा मय 02 जिन्दा व 01 खोखा कारतूस 12 बोर, लूटे गये 2000 रूप्ये व 01 काले रंग का बैग जिसमें दो जोडी सर्जिकल गलब्स, 01 नीली पन्नी खाली, 01 चाकू सब्जी काटने वाला 01 काली शर्ट बरामद किये गये। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा उपरोक्त अभियोग में धारा 109 बीएनएस व धारा 3/5(1)/28 आयुध अधिनियम की वृद्धि कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **<u>थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा दौराने पुलिस मुठभेड 02 शातिर अभियुक्तगण घायल/गिरफ्तार–</u>**
  दिनांक 22/23.04.2025 को रात्रि को थाना कोतवाली नगर पर नियुक्त व0उ0नि0 श्री नरेन्द्र कुमार मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 130/2025 धारा 309(4) बीएनएस में प्रकाश में आये अभियुक्तगण 1. विपिन पुत्र सत्यपाल व 2. शाकिब पुत्र शमशाद निवासीगण बहेडी थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर को दौराने पुलिस मुठभेड़ शाहबुद्दीन रोड से घायल/गिरफ्तार किया गया। घायल/गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से 02 तमंचे मय 02 जिन्दा व 03 खोखा कारतूस 315 बोर, लूटे गये 33,090 रूप्ये बरामद किये गये। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा उपरोक्त अभियोग में धारा 109 बीएनएस व धारा 3/5(1)/28 आयुध अधिनियम की वृद्धि कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **<u>थाना भोपा पुलिस द्वारा लूट व चोरी के अभियोग का सफल अनावरण करते हुए 03 अभियुक्तगण को किया गिरफ्तार व 01 बाल अपचारी पुलिस अभिरक्षा में लिया गया–</u>**
  दिनांक 23.04.2025 को थाना भोपा पर नियुक्त उ0नि0 श्री विजय शर्मा मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 108/25 धारा 309(4) बीएनएस व मु0अ0सं0 58/25 धारा 334(1),317(2) बीएनएस थाना भोपा का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्तगण 1. वरदान पुत्र कुंवरपाल 2. विशाल पुत्र प्रवीन व 3. रोहित पुत्र रविन्द्र निवासीगणएा बेलडा थाना भोपा को गंगनहर पटरी पर माजरा मोजा के सामने वाली पुलिस से गिरफ्तार किया गया तथा 01 बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से 21 किलोग्राम तांबे का तार व 01 बैट्री(लूटे गये) तथा चोरी किये गये 2250 रूप्ये, सवा किलो तांबे का तार बरामद किया गया।

- **थाना खालापार पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार–**
  दिनांक 23.04.2025 को थाना खालापार पर नियुक्त उ0नि0 श्री लोकेश कुमार गौतम मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 66/2025 धारा 115(2),352,191(2),74,76 बीएनएस में वांछित अभियुक्त मौ0 अमन पुत्र मौ0 इस्लाम निवासी खादरवाला थाना खालापार, मुजफ्फरनगर को रामपुरम गेट खालापार से गिरफ्तार किया गया।